**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 03.05.2026 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल को लिखा पत्र, जनगणना 2027 में आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड की मांग।**
2. **केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल रांची में कई कार्यकमों में हुए शामिल, चलंत एकल कम्प्यूटर लैब वाहन को किया रवाना।**
3. **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा और पारित करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह।**
4. **प्रदेश कांग्रेस की नई कमेटी की घोषणा, नई कमेटी में चौदह उपाध्यक्षों को 14 लोकसभा क्षेत्रों की सौंपी गयी जिम्मेदारी। और**
5. **पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने देवघर में श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर की बैठक, श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने पर दिया जोर।**

*******************

मुख्यमंत्री हेमेंत सोरेन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जनगणना 2027 में सरना धर्म कोड का प्रावधान किये जाने का आग्रह किया है। इसके साथ ही श्री सोरेन ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को भी पत्र लिखा है और इस दिशा में पहल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि इस कार्य के लिए राज्य का आदिवासी समाज ऋणी रहेगा।

*******************

केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज रांची में कई कार्यक्रमों में शिरकत की। श्री मेघवाल ने रांची में आयोजित सांसद सांस्कृतिक समारोह और स्वदेशी मेले का भी अवलोकन किया। इसके अलावा अधिवक्ता सम्मेलन को भी संबाधित किया। इस दौरान उन्होंने जन विश्वास को केंद्र सरकार की प्राथमिकता बताई। इससे पहले श्री मेघवाल ने आरोग्य भवन में एकल ऑन व्हील अभियान के तहत चलंत एकल कम्प्यूटर लैब वाहन का शुभारंभ किया। यह बस सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर विद्यार्थियों को कम्प्यूटर की शिक्षा प्रदान करेगी। इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और पद्मश्री अशोक भगत समेत कई गामान्य लोग मौजूद रहे।

*******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। श्री मरांडी ने आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि विधानसभा का विशेष सत्र आहूत कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कर केंद्र सरकार से पुनः इसे संसद में पारित कराने का आग्रह किया जाए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से झारखंड में भी महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा।

*******************

सरायकेला जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बिजली कटने के बाद मोबाइल की रोशनी में

एक महिला का प्रसव कराया जा रहा था। इसी दौरान महिला और उसके नवजात की मौत हो गयी। इस मामले में परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इधर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इस मामले में राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने लापरवाही पर मुख्यमंत्री से स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की है।

*******************

झारखंड समेत देश के विभिन्न केन्द्रों पर आज मेडिकल पाठयक्रमों के प्रवेश के लिए नीट यूजी की परीक्षा संपन्न हो गयी। परीक्षा को लेकर राज्य में नब्बे परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे, जहां दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक परीक्षा आयोजित की गयी। इस परीक्षा में सफल विद्यार्थी मेडिकल संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, बीएचएमएस और अन्य मेडिकल कोर्स में नामांकन लेने के पात्र होंगे।

*******************

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों तथा संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से कल से अखिल भारतीय 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मनाएगा। इसका उद्देश्य देश भर के स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि संबंधी खतरों की रोकथाम और निवारण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

*******************

प्रदेश कांग्रेस की नई कमेटी की आज घोषणा कर दी गई। रांची में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रेसवार्ता में बताया कि पार्टी आलाकमान से अनुमति मिलने के बाद नवगठित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के नामों का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि नई कमेटी में चौदह उपाध्यक्षों को चौदह लोकसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री महतो ने बताया कि नई कमेटी का कार्यकाल पांच वर्षों के लिए होगा।

*******************

हजारीबाग पुलिस ने बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र से लगभग चार किलोग्राम सोना और चार लाख रुपए से अधिक की लूट मामले का खुलासा कर लिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने आज प्रेसवार्ता में बताया कि घटना में शामिल तीन अपराधियों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक किलोग्राम सोना, बीस लाख रूपये नकदी और दो दोपहिया वाहन बरामद किया गया है।

*******************

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ राज्यभर में अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने आज एक वाहन से दो सौ बयासी किलोग्राम डोडा बरामद किया है। सदर एसडीपीओ संदीप सुमन ने बताया कि इस मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद डोडा की कीमत करीब बयालीस लाख रूपये आंकी गयी है।

*******************

पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर देवघर परिसदन में देवघर और दुमका के वरीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में श्रावणी मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा, सुरक्षा और सुगम जलार्पण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। मौके पर श्री कुमार ने कहा कि सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा, ताकि भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से मेला संपन्न हो सके।

*******************

वियतनाम में आयोजित होनेवाले सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए झारखंड के पहलवान अमित गोप का भारतीय टीम में चयन हुआ है। श्री गोप का चयन तेइस वर्ष से कम आयुवर्ग के सतहत्तर किलोग्राम भार वर्ग में ग्रीको रोमन कैटेगरी में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर झारखंड कुश्ती संघ ने उन्हें शुभकानायें दी है।

*******************

राज्य के अधिकांश हिस्सों में इन दिनों बेमौसम बारिश हो रही है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के मुताबिक राज्य के कई हिस्सों में नौ मई तक बारिश के आसार हैं। संथाल परगना के विभिन्न जिलों में कल वज्रपात और ओलावृष्टि होने की संभावना है, जिसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

******समाप्त*******